हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, शनिवार 23 अगस्त 2025


तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री


4 फार्मर रजिस्ट्री शीघ्र करें पूर्ण : कलेक्टर






## कोंडकेल मार्ग पर कमर तक पानी, अंडरग्राउंड पुल फिर जलमग्न

# रायगढ़ में मूसलाधार बारिश, नदी नाले उफान पर, केलो डैम के 4 गेट खोले गए



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में गुरुवार की शाम से लगातार बारिश हो रही है। लगातार हो रही बारिश ने आम जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। तेज और मध्यम बारिश के चलते केलो डैम का जलस्तर तेजी से बढ़ने पर शुक्रवार सुबह एहतियातन इसके चार गेट खोल दिए गए। डैम से छोड़े गए पानी से केलो नदी का जलस्तर भी बढ़ गया है, जिससे निचले क्षेत्रों में पानी घुसने का खतरा बढ़ गया है।

रायगढ़ में गुरुवार की शाम करीब साढ़े 5 बजे मूसलाधार बारिश शुरू हुई थी। करीब डेढ़ घंटे तक मूसलाधार बारिश के बाद फिर रुक.रुक कर रात भर बारिश होती रहीए वहीं दूसरे दिन शुक्रवार को भी दिनभर मूसलाधार बारिश का दौर चलता रहा। लगातार बारिश के चलते रायगढ़ की कई सड़कों का बुरा हाल हो गया है। दूसरी तरफ दो दिन से लगातार बारिश होने के बाद किसान खेती किसानी में जुटेंगे। लगातार बारिश से जिले के नदी.नाले उफान पर हैं और खेत.खार में पानी भरने लगा है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति गंभीर होती जा रही है और आने वाले दिनों में हालात और बिगड़ सकते हैं।

### डैम का जलस्तर 331.35 मीटर पर

केलो परियोजना के ईई एमके गुप्ता ने जानकारी दी कि डेम में इस समय 331.35 मीटर लेवल तक पानी भर गया है। फिलहाल यह खतरे के निशान से नीचे है, लेकिन लगातार हो रही वर्षा से जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। डेम की स्थिति पर सतत निगरानी रखी जा रही है और जरूरत पड़ने पर और गेट खोले जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि शुक्रवार सुबह 6 बजे डेम के 4 गेट खोले गए हैं।

### कोंडकेल तिराहे पर ग्रामीणों की मुश्किलें

तमनार विकासखंड के कोंडकेल.मिलुपारा मार्ग पर बारिश का पानी भर जाने से लोगों की आवाजाही बाधित हो रही है। कोंडकेल तिराहे पर कमर तक पानी बहने लगा। ग्रामीण मजबूरी में जोखिम उठाकर उसे पार कर रहे हैं। वहीं क्षेत्र के कई छोटे.बड़े नाले भी उफान पर आ गए हैं, जिससे गांवों का संपर्क टूटने का खतरा मंडराने लगा है।

### अंडरग्राउंड पुल पर फिर खतरा

शहर के मालधक्का रोड स्थित अंडरग्राउंड पुल में भी भारी बारिश का असर देखने को मिला। नाले का गंदा पानी भरने से पुल पूरी तरह जलमग्न हो गया। निगम ने तत्काल दोनों ओर बेरिकेड्स लगाकर आवाजाही रोक दी है। गौरतलब है कि पिछले वर्ष इसी जगह खुले चेंबर में बाइक सवार गिरा थाए जिससे लोगों में भय बना हुआ है।

### मौसम विभाग ने जारी किया यलो अलर्ट

मौसम विभाग ने रायगढ़ समेत छह जिलों में भारी बारिश, गरज.चमक, आंधी और बिजली गिरने की संभावना जताते हुए यलो अलर्ट जारी किया है। विभाग ने नागरिकों को सतर्क रहने, निचले इलाकों से दूर रहने और अनावश्यक यात्रा से बचने की अपील की है।

## खबर संक्षेप

### नगर सेना भर्ती 2025 का परिणाम घोषित

**रायगढ़।** नगर सेना अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं तथा एसडीआरएफ मुख्यालय, छत्तीसगढ़ (सेक्टर-19ए, नवा रायपुर अटल नगर) द्वारा वर्ष 2024-25 में की गई नगर सैनिक भर्ती प्रक्रिया का परिणाम 8 अगस्त 2025 को घोषित कर दिया गया है। जारी परिणाम के अनुसार इस भर्ती प्रक्रिया में कुल 1,715 महिला नगर सैनिकों का छात्रावास ड्यूटी के लिए तथा 500 महिला एवं पुरुष नगर सैनिकों का जनरल ड्यूटी के लिए चयन किया गया है। परिणाम घोषित होने के बाद चयनित अभ्यर्थियों और उनके परिजनों में उत्साह का माहौल है। निर्देश जारी करते हुए मुख्यालय ने स्पष्ट किया है कि चयनित अभ्यर्थी 1 से 10 सितम्बर 2025 के बीच अपने सभी आवश्यक मूल दस्तावेजों के साथ कार्यालयीन दिवसों में जिला सेनानी, नगर सेना कार्यालय रायगढ़ में उपस्थित होकर कर्तव्य ग्रहण करें।

### जिले में 921 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 22 अगस्त तक 921 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 45.4 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। जिसमें सबसे ज्यादा तहसील तमनार में 90.2 मिमी औसत वर्षा हुई है। भू.अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 1082.4 मिली मीटर, पुसौर में 969.8, खरसिया में 829.9, घरघोड़ा में 956.8, तमनार में 680, लैलूंगा में 814.7, मुकडेगा में 1097.5, धरमजयगढ़ में 781.9, छाल में 842.4 एवं कापू में 1153.9 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### किसानों को मिला 24 साल बाद मुआवज़ा



**सरसीवा।** ग्राम मलुहा तहसील बिलाईगढ़ के भू-धारक किसानों को आखिरकार 24 वर्षों से डूबी हुई जमीन का लंबित मुआवज़ा मिल गया। यह सफलता भीम रेजिमेंट छत्तीसगढ़ द्वारा 6 दिनों से इंदिरा मार्केट बिलाईगढ़ परिसर में चल रहे अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन के बाद मिली। प्रदेश सचिव मनीष चेलक ने बताया कि इस संघर्ष में कई बार अकेलेपन का सामना करना पड़ा, लेकिन हौसला और विश्वास कभी टूटा नहीं। उन्होंने कहा यह केवल कागज़ी जीत नहीं, बल्कि हर उस कदम की पहचान है जो हमने सत्य और न्याय के लिए उठाया। मुआवज़ा मिलने से किसानों के चेहरों पर राहत है और लंबे समय से चला आ रहा विवाद सुलझा है। आंदोलनकारियों का कहना है कि यह जीत केवल आर्थिक मदद भर नहीं है, बल्कि यह संदेश है कि सच्चाई और न्याय के लिए उठाई गई आवाज़ कभी अनसुनी नहीं रहती।

## खाद की कालाबाजारी के खिलाफ कृषि विभाग की बड़ी कार्रवाई

**पुसौर।** किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने और कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए कृषि विभाग ने सख्त कदम उठाए हैं। प्रदेश स्तरीय निर्देशों के तहत पुसौर क्षेत्र में बीते बुधवार को खाद विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों पर छापामार जांच की गई। एचडीओ राठौर और एसएडीओ आर.के. पटेल के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में केदार फर्टिलाइजर्स गढ़उमरिया, अग्रवाल खाद भंडार पुसौर, प्रधान ट्रेडर्स पुसौर और बाबा मोहनदास एग्रो वर्क्स कसाईपाली का निरीक्षण किया गया। जांच में प्रधान ट्रेडर्स पुसौर के पीएएस स्टॉक और केदार फर्टिलाइजर्स का स्टॉक रजिस्टर अनियमित पाया गया। इस पर दोनों प्रतिष्ठानों को शो-कॉज नोटिस जारी किया गया। कृषि अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी खाद विक्रेता किसानों को केवल उचित मूल्य पर ही उर्वरक प्रदाय करें। किसी भी प्रकार की कालाबाजारी या भंडारण अनियमितता पाए जाने पर संबंधित विक्रेताओं पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले भी बाबा मोहनदास एग्रो वर्क्स और किसान इंटरप्राइजेज पुसौर पर उर्वरक अधिनियम के तहत बिक्री प्रतिबंध की कार्रवाई की जा चुकी है। लगातार हो रही इन कार्रवाइयों से प्रशासन ने साफ संदेश दिया है कि किसानों के हितों से जुड़ी किसी भी लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## किसानों को मिली राहत, खेती के काम में आई तेजी



**सरसीवा।** पिछले दो दिनों से क्षेत्र में रुक-रुक कर हो रही बारिश से किसान के खेतों में अब बारिश की पानी दिखाई देने लगा है। गुरुवार के दिन से क्षेत्र में रुक रुक कर वर्षा हुई और फिर रात्रि में लगातार वर्षा होते होते शुकवार शाम तक वर्षा होती रही। मौसम विभाग के मुताबिक बंगाल की खाड़ी में सिस्टम बना हुआ है जिसके प्रभाव से आने वाले दिनों में बारिश होने की संभावना बनी हुई है। पिछले एक सप्ताह पूर्व तक पानी की कमी के कारण क्षेत्र के किसानों के खेतों में दरार पडना शुरू हो गया था।




## खबर संक्षेप

### शिक्षिका से छेड़छाड़, प्राचार्य को पुलिस ने लिया हिरासत में

**जशपुर।** जिले में एक सरकारी हाई स्कूल की शिक्षिका तथा अन्य



महिला कर्मचारी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी प्राचार्य सुधीर कुमार को हिरासत में ले लिया है। बगीचा थाना में शुक्रवार को दोनों पीड़ितों ने अपनी शिकायत दर्ज कराई थी। थाना प्रभारी संतलाल आयाम ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल बिमड़ा हाई स्कूल पहुंच कर आरोपी प्राचार्य को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने आरोपी का मोबाइल फोन जप्त कर उसके विरुद्ध विधिवत कार्रवाई शुरू कर दी है।

### जिपं अध्यक्ष ने किया हाईस्कूल पहुंच मार्ग का भूमिपूजन



**जशपुरनगर।** जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय ने कांसाबेल विकासखंड अंतर्गत 90.10 लाख रुपये की लागत से एनएच-43 से चेटबा हाईस्कूल तक जाने वाले 01 किमी लंबाई की डामरीकरण सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। यह सड़क बन जाने से ग्रामीणों को आवागमन में अत्यधिक सुविधा मिलेगी। विशेषकर चेटबा हाईस्कूल में अध्ययनरत विद्यार्थियों को आने-जाने में अब आसानी होगी। इस अवसर पर सुनील गुप्ता, आलोक सारथी, जनपद सदस्य अटल बिहारी साय, सरपंच सारिका पैंकरा सहित उपसरपंच, पंच, ग्रामवासी एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

### 16 हजार कर्मचारी रहे हड़ताल पर

# जिले के 22 विभागों में कामकाज ठप




शुक्रवार को हड़ताल में शामिल अधिकारी-कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के 22 विभागों में शुक्रवार 22 अगस्त को कामकाज बंद रहा। छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन से संबद्ध सभी संस्था के लगभग 16 हजार कर्मचारियों ने सामूहिक अवकाश लेकर काम बंद कलमबंद हड़ताल पर थे। जिले में लगभग सभी 22 विभागों में कम नहीं हो सका है। जिले के 7 हजार शिक्षकों ने भी हड़ताल में भाग लिया जिससे जिले के सभी स्कूलों में बच्चो की। पढ़ाई बाधित हुई है।

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय आह्वान पर शुक्रवार 22 अगस्त को जशपुर जिला मुख्यालय हड़ताली कर्मचारियों की हुंकार से गूंज उठा। सुबह से ही रणजीता स्टेडियम के पास हजारों सरकारी कर्मचारियों से भर गया। गगनभेदी नारों के बीच कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। जब तक मांगें पूरी नहीं होंगी, लड़ाई जारी रहेगी यही तेवर दिखे



आंदोलन में। शिक्षकों से लेकर स्वास्थ्यकर्मियों तक, राजस्व अमले से लेकर नगरीय निकाय कर्मचारियों तक हर विभाग के कर्मचारी इस हड़ताल में शामिल रहे। हड़ताली कर्मचारियों ने कलेक्टर को 11 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपते हुए पदाधिकारियों ने साफ कहा कि अब टालमटोल नहीं, निर्णय चाहिए। संघ की मांग है कि केंद्र के समान महंगाई भत्ता और 2019 से लंबित एरियर का भुगतान,पिंगुआ कमेटी रिपोर्ट सार्वजनिक कर वेतन विसंगति दूर करना, चार स्तरीय पदोन्नति (8, 16, 24, 32 वर्ष) लागू करना, कैशलेस चिकित्सा सुविधा, अनुकंपा नियुक्ति में 10 प्रतिशत सीमा समाप्त करना, संविदा, दैनिक वेतनभोगी व कार्यभारित कर्मचारियों का नियमितीकरण, सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष करना इसक साथ ही और अन्य मांग के संबंध में एक दिवसीय आंदोलन पर रहे।

#### फेडरेशन की चेतावनी

फेडरेशन के जिला संयोजक संतोष टांडे और अन्य पदाधिकारियों ने चेतावनी दी अगर सरकार ने अब भी अनदेखी की तो यह आंदोलन प्रदेशव्यापी उग्र रूप लेगा। जिम्मेदार खुद सरकार होगी। धरना को मुख्य रुप से कर्मचारी नेता टीपी कुश्वाहा,राजेश अबंष्ट सहित अन्य नेताओं ने भी संबोद्धित किया। इस आंदोलन को 120 संगठनों के समर्थन प्राप्त था।

#### सरकारी कार्यालय रहे सूने

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन की शुक्रवार को हुई हड़ताल का जशपुर जिले में व्यापक असर देखने को मिला। जिला मुख्यालय समेत सभी विकासखंडों के अधिकांश सरकारी कार्यालय पूरे दिन खाली-खाली नजर आए। कर्मचारी धरना-प्रदर्शन और रैली में शामिल रहे, जिससे आम जनता के कामकाज पर सीधा असर पड़ा। राजस्व, शिक्षा, स्वास्थ्य, पंचायत, नगरीय निकाय सहित लगभग सभी विभागों के दफ्तरों में सन्नाटा पसरा रहा। केवल आपात सेवाओं को छोड़ बाकी सभी कामकाज ठप रहे।फेडरेशन पदाधिकारियों ने साफ कहा कि जब तक सरकार उनकी मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लेती, इसी तरह का आंदोलन जारी रहेगा।

#### रैली के रूप में कलेक्ट्रेट जाकर ज्ञापन सौंपा

धरना प्रदर्शन एवं हड़ताल में आए जिले भर के कर्मचारियों ने रैली के रूप में कतारबद्ध होकर नारे लगाते हुए केकलेक्ट्रेट पहुंच ज्ञापन सौंपा है।

# ढाबे पर खूनी वारदात, कोर्ट ने आरोपी को सुनाई उम्रकैद की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर




कुनकुरी जिला न्यायालय (जशपुर) में द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश बलराम कुमार देवांगन ने एक सनसनीखेज हत्याकांड पर बड़ा फैसला सुनाया। अदालत ने आरोपी खिलानंद सिंह उर्फ राजू उर्फ टेढ़ू उम्र 30 वर्ष, निवासी बरबसपुर, जिला सूरजपुर को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत दोषी मानते हुए आजीवन कारावास और 1 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई। इस पूरे प्रकरण में अपर लोक अभियोजक श्रीमती पुष्पा सिंह ने अदालत में प्रभावी ढंग से पक्ष रखा।

- ट्रक के खलासी ने सहकर्मी ड्राइवर को व्हील पाना से उतारा था मौत के घाट

उन्होंने गवाहों की गवाही, मेडिकल रिपोर्ट और जब्त सबूतों को तार्किक ढंग से न्यायालय के सामने प्रस्तुत किया।यह वारदात 8 दिसंबर 2022 की रात 7:30 बजे की है। जशपुर जिले के लावाकेरा बार्डर ढाबा के पास तीन ट्रक खड़े थे। ड्राइवर और खलासी ट्रक के भीतर गैस चूल्हे पर खाना बना रहे थे। इसी दौरान अचानक आरोपी खलासी खिलानंद सिंह ने अपने ही ड्राइवर आशिक अली पर हमला बोल दिया। आरोपी ने ट्रक से लोहे का भारी व्हील पाना उठाया और आशिक अली के सिर और चेहरे पर लगातार 2–3 वार किए। कुछ ही पलों में आशिक अली लहूलुहान होकर बेहोश हो गया और ढाबा किनारे सन्नाटा छा गया।

#### जिंदगी और मौत के बीच जूझता रहा आशिक अली

गंभीर रूप से घायल आशिक अली को साथी ड्राइवरों ने उसी ट्रक से तलसरा (उड़ीसा) अस्पताल ले गए। वहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे सुंदरगढ़ जिला अस्पताल रेफर किया गया। लेकिन वहां डॉक्टरों ने बताया कि चोट इतनी गहरी थी कि उसे बचाना मुश्किल है। आखिरकार, उसी रात करीब 11 बजे आशिक अली ने दम तोड़ दिया।

#### पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने खोली हत्या की सच्चाई

सुंदरगढ़ जिला अस्पताल से आई एमएलसी और पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने साफ कर दिया कि मौत सिर पर गहरी चोट के कारण हुई। जांच में मौके से बरामद खून से सना व्हील पाना, ड्राइवर सीट कवर, रक्त, बाल और नाखून जैसे सबूत अदालत में पेश किए गए। अदालत ने कहा कि यह सबूत इस बात को पुख्ता करते हैं कि हत्या योजनाबद्ध और जानबूझकर की गई।

#### कैद के साथ 1 हजार रुपए जुर्माना

इस आधार पर आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। यदि वह 1 हजार का जुर्माना नहीं भरता है तो उसे अतिरिक्त 6 माह का सश्रम कारावास भुगतना होगा। अभियुक्त खिलानंद सिंह 17 अप्रैल 2023 से जेल में न्यायिक अभिरक्षा में है और अब तक 2 वर्ष 4 माह 2 दिन कैद भुगत चुका है। अदालत ने स्पष्ट किया कि इस अवधि को उसकी सजा में समायोजित किया जाएगा।

#### ड्रायवर ने दी गवाही

इस पूरे कांड का सबसे अहम गवाह ट्रक ड्राइवर शमशेर आलम था। अदालत में उसने कांपती आवाज़ में कहा –मैंने अपनी आंखों से देखा कि खिलानंद सिंह बार-बार आशिक अली के सिर और चेहरे पर पाना से वार कर रहा था। खून तेजी से बह रहा था यह दृश्य रोंगटे खड़े करने वाला था। मैं दौड़कर ढाबा मालिक और दूसरे ड्राइवरों को बुलाने गया, लेकिन तब तक आरोपी मौके से फरार हो गया।

#### कठोर सजा का ऐलान

अदालत ने कहा –सहकर्मी की नृशंस हत्या समाज और कानून के लिए गंभीर चुनौती है। आरोपी ने जिस बर्बरता से हमला किया, वह क्षम्य नहीं। न्याय सुनिश्चित करने के लिए कठोर दंड ही उचित है।

#### पीड़ित परिवार को मिलेगा प्रतिकर

अदालत ने मृतक आशिक अली के भाई शेरे अली को धारा 357(ए) दं.प्र.सं. के तहत पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना से आर्थिक सहायता दिलाने का आदेश दिया। इसके लिए निर्देश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जशपुर को भेजे गए।

### राउरकेला को अब तक स्वास्थ्य जिला का दर्जा क्यों नहीं : डॉ यादव

**राउरकेला।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.राजकुमार यादव ने राउरकेला को अब तक स्वास्थ्य जिला का दर्जा न दिए जाने पर कड़ा सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि राजस्व, पुलिस, आबकारी, शिक्षा, कृषि और परिवहन जैसे सभी विभागों के लिए राउरकेला को जिला का दर्जा प्राप्त है, किंतु स्वास्थ्य जिला का दर्जा आज तक नहीं मिल पाया। डॉ. यादव ने कहा कि वर्ष 2008 में राउरकेला को स्वास्थ्य जिला बनाने की प्रक्रिया आरंभ हुई थीए लेकिन 17 वर्ष बीत जाने के बाद भी फाइलें जस की तस पड़ी हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि किसी भी राजनीतिक दल के नेता ने इस मुद्दे को गंभीरता से नहीं लिया, जिसके कारण राउरकेला की जनता आज भी गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित है। उन्होंने बताया कि राउरकेला सरकारी अस्पताल के विकास हेतु 627 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत हुई है, किंतु जगह की कमी के चलते परियोजना आगे नहीं बढ़ पाई। उनका कहना था कि इस्पात संयंत्र के खाली पड़े स्थानों का अधिग्रहण कर अस्पताल का विस्तार किया जाना चाहिए। डॉ. यादव ने कहा कि गोपालपुर से गुआली तक फैले 300 किलोमीटर लंबे क्षेत्र में केवल एक ही मुख्य चिकित्सा अधिकारी पर स्वास्थ्य सेवाओं का बोझ डालना अव्यावहारिक है। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार से मांग की कि जल्द से जल्द राउरकेला को स्वास्थ्य जिला का दर्जा दिया जाए ताकि स्वास्थ्य सेवाएं आम जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंच सकें।

## शहर के सरकारी ऑफिसों में अफसरों व कर्मचारियों की मनमानी




**राउरकेला।** एक बार फिर शहर में शासन व्यवस्था पर सवाल उठ खड़े हुए हैं। राज्य में सरकार बदलने के बावजूद प्रशासन की पुरानी आदतें जस की तस बनी हुई हैं। सरकारी कार्यलयों में विभागीय अधिकारी और कर्मचारी मनमाने ढंग से काम कर रहे हैं और नियमों को ताक पर रखकर जनता को परेशान कर रहे हैं।

सरकारी आदेशानुसार सुबह 10 बजे से कार्यालयों का कार्य आरंभ होना चाहिए, लेकिन शुक्रवार सुबह हमारी टीम ने सवा दस बजे से लेकर पोने ग्यारह बजे तक उदित नगर स्थित आरएमसी, एडीएम ऑफिस और आधा दर्जन से अधिक सरकारी दफ्तरों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान चौंकाने वाले नजारे सामने आए। आरटीओ और सब.रजिस्ट्री ऑफिस में अधिकारी कर्मी मौजूद मिले, लेकिन आरएमसी, एडीएम, तहसील, पीडब्ल्यूडी, वाटको, आरडी, अबकारी अधीक्षक कार्यालय और सिविल सप्लाई ऑफिस में अधिकांश अधिकारी कर्मचारी नदारद रहे। सप्लाई ऑफिस समेत कई कार्यालयों में लोग अपने कामकाज के लिए पहुंचे थे, लेकिन संबंधित अधिकारी मौजूद न होने से वे निराश और नाराज दिखाई दिए। लोगों में चर्चा है कि यह मनमानी और अराजकता न केवल जनता को परेशान कर रही है, बल्कि सरकार की छवि को धूमिल करने की भी कोशिश है।

ऐसे में जरूरत है कि राज्य सरकार कड़े कदम उठाकर अधिकारियों और कर्मचारियों को जवाबदेह बनाए तथा प्रशासनिक तंत्र में अनुशासन सुनिश्चित करे।

# गणेश पूजा महोत्सव 2025 को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न

**राउरकेला।** आगामी गणेश पूजा महोत्सव 2025 के शांतिपूर्ण और सफल आयोजन के लिए शुक्रवार को डीपीओ राउरकेला में समन्वय एवं शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहरभर की विभिन्न पूजा समितियों के प्रतिनिधियों सहित प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस विभाग और सामाजिक संगठनों के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में पूजा समितियों के नामए पतेए संपर्क सूत्र व हस्ताक्षर दर्ज किए गए। अधिकारियों ने समितियों से अपील की कि वे प्रशासन के दिशा.निर्देशों का पालन करें और त्योहार को शांतिए सौहार्द और विधि.व्यवस्था के साथ सम्पन्न कराएं।

- 200 स्थानों पर होगी पूजा, प्रशासन ने सुरक्षा व अनुशासन पर दिए दिशा-निर्देश

एएसपी आरके मिश्रा ने जानकारी दी कि इस वर्ष शहर में लगभग 200 स्थानों पर गणेश पूजा आयोजित की जाएगी। उन्होंने पूजा



समितियों को पंडाल निर्माण में सुरक्षा मानकों का पालन करने, बिजली तारों को सुरक्षित रखने, साफ सफाई, पानी व डस्टबिन की व्यवस्था सुनिश्चित करने की हिदायत दी। साथ ही प्रत्येक पंडाल व प्रतिमा की सुरक्षा के लिए वॉलिंटियर नियुक्त करने, सीसीटीवी कैमरे लगाने, माइक व साउंड की अनुमति लेने और प्रसाद वितरण उचित स्थान पर करने की बात कही।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि विसर्जन जुलूस से पूर्व संबंधित थाना से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। जहां मेले का आयोजन होगाए वहां की समस्त व्यवस्था की अनुमति और निगरानी प्रशासन द्वारा की जाएगी। जुलूस के दौरान भीड़ नियंत्रणए नारेबाजी और अनुशासन बनाए रखने पर विशेष बल दिया गया। बैठक में डीएसपी राम राय मुर्मू, अमरेंद्र संढ, हरे कृष्ण माझी सहित सभी थाना प्रभारियों ने भाग लिया और शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में गणेश पूजा सम्पन्न कराने हेतु सुझाव साझा किए। प्रशासन ने साफ संदेश दिया कि गणेश पूजा महोत्सव सांस्कृतिक और धार्मिक उत्सव है इसे शांतिए स्वच्छता और अनुशासन के साथ मनाया जाए।



## जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने स्कूल व निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

**तमनार।** जिला पंचायत रायगढ़ के उपाध्यक्ष दीपक सिदार ने आज तामनार क्षेत्र के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों एवं निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। सबसे पहले उन्होंने पीएमश्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तामनार का दौरा किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों से बातचीत कर उनकी पढ़ाई से जुड़े सवाल पूछे। इस दौरान शाण हायर सेकेंडरी स्कूल में दो शिक्षक अनुपस्थित पाए गए। इसके साथ ही उन्होंने अतिरिक्त कक्ष भवन निर्माण कार्य, तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ भवन एवं पेंशनर संघ भवन के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया।

कार्य की प्रगति एवं गुणवत्ता को लेकर अधिकारियों से जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा.निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उनके साथ भाजपा जिला उपाध्यक्ष विनायक पटनायक, मंडल अध्यक्ष स्वरूप पटनायक, बीईओ, एबीईईओ एवं इंजीनियर उपस्थित रहे।

### आंगनबाड़ी केंद्रों में बाल मेले का रजत महोत्सव

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के तहत राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत कलेक्टर रोहित व्यास के मार्गदर्शन में महिला बाल विकास विभाग के द्वारा बाल मेले का आयोजन किया गया। जिसके तहत कुनकुरी विकासखण्ड के कलिया सेक्टर, केराडीह के ग्राम पंचायत बरडांड एवं फरसाबहार परियोजना के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों में बाल मेला का आयोजन किया गया। इस मेले में बच्चों के द्वारा एकल नृत्य, सामूहिक नृत्य, कविता पाठ, चित्रकला, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिभागी के रूप में पालक एवं बच्चों ने बढ़ चढ़ के भाग लिया। जिसमें 237 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

# अधीक्षण अभियंता ने महतारी सदन निर्माण के कार्यों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

सरगुजा संभाग के अधीक्षण अभियंता जीएन सिंह तंवर ने गुरुवार को जशपुर जिले में निर्माणाधीन महतारी सदन भवनों का निरीक्षण किया।

- समय-सीमा में और गुणवत्ता पूर्ण कार्य करने के दिए निर्देश

इस दौरान उन्होंने बगीचा विकासखंड के रेंगले, पत्थलगांव के बागबहार और फरसाबहार के केरसई में निर्माणाधीन भवनों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधीक्षण अभियंता ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरे किए जाएं और किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि महतारी सदन महिलाओं और बच्चों के लिए महत्वपूर्ण सुविधा केंद्र बनने जा रहे हैं, ऐसे में निर्माण की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए। श्री तंवर ने निर्माण स्थल पर मौजूद अधिकारियों और ठेकेदारों को सख्त चेतावनी दी कि यदि कार्य में देरी या गुणवत्ता में कमी पाई जाती है तो संबंधित ठेकेदारों के खिलाफ



निरीक्षण करते अधिकारी।



नोटिस जारी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं और इसके लिए समय पर भवन तैयार होना जरूरी है। इस अवसर पर कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा राजेश श्रीवास्तव, एसडीओ इंजीनियर तथा संबंधित ठेकेदार उपस्थित रहे। अधीक्षण अभियंता ने अधिकारियों को नियमित रूप से स्थल निरीक्षण करने और प्रगति की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए।

### कुनकुरी में ऑडिटोरियम भवन निर्माण के लिए 6.67 करोड़ रुपए स्वीकृत

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर लोक निर्माण विभाग द्वारा कुनकुरी में ऑडिटोरियम भवन निर्माण के लिए 6 करोड़ 67 लाख 63 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इससे पहले पत्थलगांव में ऑडिटोरियम निर्माण के लिए 4 करोड़ रुपए और नगर पालिका जशपुर के वार्ड क्रमांक 16 में ऑडिटोरियम निर्माण हेतु 6 करोड़ 76 लाख 55 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति मिल चुकी है। ऑडिटोरियम निर्माण होने से आम लोगों को सांस्कृतिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों के लिए एक सुव्यवस्थित मंच प्राप्त होगा। यहाँ विभिन्न प्रकार के आयोजन जैसे नाटक, संगोष्ठी, सेमिनार, प्रशिक्षण कार्यक्रम, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं सरकारी कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया जा सकेगा। इससे प्रतिभाओं को अपनी कला और विचारों को प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा तथा स्थानीय स्तर पर रचनात्मकता को प्रोत्साहन मिलेगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश में जनसुविधा आधारित अधोसंरचना विकास को नई गति मिल रही है। मुख्यमंत्री की पहल पर किसानों, विद्यार्थियों, व्यापारियों, महिलाओं और आम नागरिकों की आवश्यकताओं को केंद्र में रखते हुए विभिन्न विकास कार्यों को निरंतर स्वीकृति मिल रही है और योजनाएं भी तेजी से क्रियान्वित हो रही है।

# बगीचा नगर पंचायत में जनभागीदारी से चलाया जा रहा विशेष स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जशपुर जिले में नगरीय निकायों में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत नगर पंचायत बगीचा में स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) अंतर्गत विशेष पखवाड़े के तहत शुक्रवार को जनभागीदारी से स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

- जनप्रतिनिधियों, नागरिकों के साथ अधिकारी कंधे से कंधा मिला कर दे रहे स्वच्छता का संदेश

इस अवसर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रभात सिडाम, उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने इस अभियान में अपनी भागीदारी दी। सभी ने मिलकर विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर नगरीय निकाय के अधिकारी और निर्वाचित सदस्यों द्वारा स्वच्छता अभियान चला कर लोगों को स्वच्छता हेतु प्रेरित किया। जिसमें सभी ने साफ-सफाई, कचरा प्रबंधन और सार्वजनिक शौचालयों के रखरखाव के प्रति लोगों को जागरूक किया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष प्रभात सिडाम ने



कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से प्रेरित होकर नगरीय निकाय क्षेत्र में विशेष साफ़ सफाई व्यवस्था पर जोर दिया जा रहा है। नगर पंचायत उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा ने बताया कि यहां विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें खुले क्षेत्रों में कचरा फेंकने की रोकथाम, नालियों की सफाई, और झुग्गी बस्तियों में स्वच्छता पर जोर दिया जा रहा है। विशेष अभियान चलाने के साथ-साथ बगीचा शहर के सौंदर्यीकरण हेतु योजना तैयार पर भी ध्यान दिया जा रहा है। नगर पंचायत द्वारा बस स्टैण्ड, झुग्गी-बस्तियों, और बाजार क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाए जा रहे हैं, जिसमें रात दिन सफाई और स्वच्छता जागरूकता सत्र शामिल हैं। बगीचा अनुविभागीय अधिकारी प्रदीप राठिया ने बताया कि इस अभियान में जनसहभागिता को बढ़ावा देने के लिए स्कूलों, विश्वविद्यालय और स्वच्छता क्लबों के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसके साथ ही कचरा संग्रहण, परिवहन, और प्रसंस्करण को नियमित करने पर भी जोर दिया जा रहा है ताकि स्वच्छता स्थायी हो। इस दौरान पार्षद राजकिशोर जायसवाल, अनिमा, तहसीलदार महेश्वर उइके, नायब तहसीलदार सुशील शुक्ला, सदानंद मिश्रा, सीएमओ क्षितिज सिंह, अधिवक्ता शैलेश पाठक, अंजनी सिंह, उमा ठाकुर सहित नगर के व्यवसायी भी इस अभियान में शामिल हुए।



# पंजाबी फिल्म में हीरो बनकर आएंगे राज कुंद्रा

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी ने अपने पति राज कुंद्रा की पहली पंजाबी फिल्म 'मेहर' के ट्रेलर को सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया। इसके साथ ही एक्ट्रेस ने लिखा कि वह कई साल से उनके हीरो हैं। शिल्पा ने इंस्टाग्राम पर फिल्म 'मेहर' की शानदार झलक शेयर की और कैप्शन में लिखा, 'वाह, पंजाबी फिल्मों को एक नया हीरो मिल गया है, लेकिन वो कई साल से मेरे हीरो रहे हैं। फिल्मों में आपका स्वागत है राज कुंद्रा आपको और मेहर की पूरी टीम को अपार सफलता की शुभकामनाएं।' इसके साथ ही शिल्पा ने फिल्म के निर्देशक राकेश मेहता, निर्माता और गीता बसरा को भी शुभकामनाएं दीं।

## लाइफ Style



# सुरवीन

## अचानक दो ड्रैकुला दांत निकल आए

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस सुरवीन चावला इन दिनों अपनी सुपरनैचुरल वेब सीरीज अंधेरा को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। यह एक हॉरर सीरीज है। इस सीरीज के प्रमोशन के दौरान सुरवीन ने एक डरावनी घटना के बारे में बताया। सुरवीन चावला ने अपनी नई वेब सीरीज अंधेरा के प्रमोशन के दौरान एक डरावनी घटना का जिक्र किया।

यह सुपरनैचुरल हॉरर शो 14 अगस्त को प्राइम वीडियो पर रिलीज हुआ है। दरअसल, कुछ महीने पहले वह अपने परिवार के साथ बाली गई थीं। जहां उन्होंने इंडोनेशिया के बाली शहर के अपने डरावने अनुभव के बारे में एक दिल दहला देने वाली घटना के बारे में बताया। सुरवीन ने बताया कि एक शाम सुरवीन ने देखा कि बाली के लोग पारंपरिक कपड़ों में पूजा कर रहे थे। उनके जीजा ने उस दौरान दो बाली लड़कियों की तस्वीर खींची।

अगले दिन से अजीब घटनाएं शुरू हो गईं। उनकी ताईजी तालाब में गिर गईं, किसी की कोहनी में चोट लगी, उनकी छह साल की भतीजी को गंभीर एलर्जी हुई और एक भतीजे की हालत इतनी खराब हो गई कि डॉक्टर को बुलाना पड़ा। सबसे डरावनी बात तब हुई जब आखिरी रात को उनके जीजा ने अपने फोन में तस्वीरें देखीं। उन दो बाली लड़कियों की तस्वीर में अचानक ड्रैकुला जैसे दांत नजर आए। सुरवीन ने कहा कि अगर ये दांत पहले दिखे होते, तो उनके जीजा वह तस्वीर नहीं लेते। यह देखकर सब हैरान रह गए कि तस्वीर में अचानक ऐसे दांत कैसे आ गए, जबकि लड़कियां पारंपरिक कपड़ों में बहुत सुंदर लग रही थीं। सुरवीन चावला की वेब सीरीज 'अंधेरा' प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही है।

## हॉलीवुड मसाला




# बिस्तर पर न टीवी देखते न किताब पढ़ते

**लॉस एंजिल्स।** निक जोनस ने प्रियंका चोपड़ा के साथ अपने सोने के समय की आदतों के बारे में बताया है। उन्होंने कहा कि वे बिस्तर पर टीवी नहीं देखते। प्रियंका जब बिस्तर पर टीवी देखती हैं, तो निक उनके बगल में कुर्सी पर बैठते हैं। निक का मानना है कि बिस्तर केवल सोने के लिए होता है। निक जोनस ने कहा, 'मुझे लगता है कि बिस्तर केवल सोने के लिए होते हैं। मैं बिस्तर पर नहीं बैठता, मैं बिस्तर पर नहीं खाता, मैं बिस्तर पर किताब नहीं पढ़ता या टीवी नहीं देखता। मैं ऐसा नहीं कर सकता। मुझे बस गर्मी पसंद नहीं है। मुझे गर्मी लगती है। यह पूरी बात है।'



# सांवले हुस्न से दुनिया को बनाया दीवाना

**लॉस एंजिल्स।** 'जेम्स बॉन्ड फ्रेंचाइज' की फिल्म 'डाई अनदर डे' में अपने सांवले हुस्न से दुनिया को दीवाना बना देने वाली हैल बेरी आपको याद होंगी। हैली 59 साल की हो गई हैं। अमेरिकी एक्ट्रेस ने इंस्ट्राग्राम पर अपने बर्थडे सेलिब्रेशन की तस्वीरें शेयर की हैं। बॉन्ड की फिल्मों में बिकिनी पहन पानी से बाहर आकर दिल धड़काने वाली हैल की अदाएं यहां भी मदहोश करने वाली हैं। तस्वीरों में समंदर है, नीला आसमान है, बिकिनी में हैल हैं और साथ हैं उनके बॉयफ्रेंड वैन हंट। इन तस्वीरों को देख फैंस कह रहे हैं कि लाइफ हो तो हैली बेरी जैसी हो। उम्र ने तो जैसे उनपर असर करना ही बंद कर दिया है। फैंस की नजरों में हैली की यह तस्वीर सबसे शानदार है। अपने पैरों से वाइन ग्लास पकड़ने की उनकी असाधारण क्षमता से बहुतों को जलन हो रही है।



# सॉन्ग्स ऑफ पैराडाइज के दो पोस्टर रिलीज

**मुंबई।** गुरुवार को निर्माताओं ने आगामी फिल्म 'सॉन्स ऑफ पैराडाइज' का पहला लुक जारी कर फैंस की उत्सुकता को बढ़ा दिया है। पहले लुक में ऋतिक रोशन की कथित गर्लफ्रेंड सबा आजाद और आलिया भट्ट की मां सोनी राजदान नजर आ रही हैं। यह फिल्म कश्मीर की पहली प्लेबैक सिंगर पर आधारित है। फिल्म निर्माताओं ने सबा आजाद और सोनी राजदान की म्यूजिकल ड्रामा फिल्म 'सॉन्स ऑफ पैराडाइज' का एक मोशन वीडियो शेयर किया है। 'सॉन्स ऑफ पैराडाइज' का निर्देशन दानिश रेंजू ने किया है। शफत काजी और दानिश रेंजू ने मिलकर इस फिल्म का निर्माण किया है। इस फिल्म में सोनी राजदान और सबा आजाद के अलावा जैन खान दुर्रानी, शीबा चड्ढा, तारुक रैना और लिलेट दुबे भी अहम भूमिका में नजर आएंगे।



# 30 बाद रजनीकांत के साथ करेंगे काम

**मुंबई।** वेटरेन एक्टर मिथुन चक्रवर्ती 75 साल की उम्र में भी फिल्मों में लगातार सक्रिय हैं। वो जल्द ही विवेक अग्निहोत्री की आगामी फिल्म द बंगाल फाइल्स में नजर आएंगे। इसके अलावा मिथुन चक्रवर्ती की पाइपलाइन में साउथ सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म जेलर 2 भी है। इसको लेकर पिछले काफी वक्त से चर्चा चल रही थी। रजनीकांत और मिथुन चक्रवर्ती लगभग 30 साल बाद एक साथ नजर आने वाले हैं। दोनों इससे पहले आखिरी बार साल 1995 में आई बंगाली भाषा की फिल्म भाग्य देवता में नजर आए थे। इस फिल्म में रजनीकांत का स्पेशल अपीयरेंस था और यह उनकी एकमात्र बंगाली फिल्म भी है। इससे पहले मिथुन और रजनीकांत साल 1989 में आई हिंदी फिल्म भ्रष्टाचार में एकसाथ दिखाई दिए थे।

## टीवी मसाला



# बिग बॉस का घर बनेगा अखाड़ा, शो में एंट्री लेगा ये इंटरनेशनल खिलाड़ी

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 का हिस्सा कौन बनेगा, इसकी उत्सुकता लंबे समय से ही दर्शकों के बीच बनी हुई है। टेलीविजन के बड़े सितारों का नाम सामने आ रहा है जो सलमान के शो में महीनों के लिए कैद हो सकते हैं। अब इस लिस्ट में एक नया नाम जुड़ गया है जिससे स्पोर्ट्स के दीवाने जरूर परिचित होंगे। इस बार मशहूर बॉक्सर माइक टायसन बिग बॉस का हिस्सा होने वाले हैं। इंस्टाग्राम पेज बिग बॉस ताजा के मुताबिक, माइक टायसन बिग बॉस में नजर आएंगे। हालांकि, वह सिर्फ गेस्ट बनकर आ रहे हैं। वह शो में सिर्फ 7 से 10 दिन तक रहेंगे। फिलहाल, अभी तक माइक टायसन को लेकर मेकर्स ने कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी है। माइक टायसन फेमस अमेरिकन बॉक्सर हैं। उन्हें आयरन माइक और किड डायनामाइट के नाम से जाना गया। वह अपने समय के सबसे महान हैवीवेट चैंपियन के रूप में एक माने गए। बिग बॉस का 19वां सीजन 24 अगस्त को टीवी पर प्रीमियर होने वाला है। शो में टीवी के कई बड़े सितारे शामिल होने वाले हैं। हालांकि, अभी तक शो में किसी के नाम को कन्फर्म नहीं किया गया है।

## कीकू - कृष्णा के बीच एक्ट को लेकर हुआ बवाल



**नई दिल्ली।** कपिल शर्मा शो के सेट्स से एक वीडियो वायरल हुआ जिसे देखकर लोग थोड़े शॉक्ड हैं। इसमें कृष्णा अभिषेक और कीकू शारदा बहस करते दिख रहे हैं। उन दोनों को संभालने के लिए क्रू के लोग भी मौजूद हैं। क्लिप देखकर लग रहा है कि दोनों के बीच किसी बात को लेकर बहस हुई है। हालांकि, कई लोग मान रहे हैं कि ये असली लड़ाई नहीं, बल्कि प्रैंक है। वीडियो की शुरुआत में सुनाई देता है कि कीकू शारदा बोले, मैं टाइमपास रहा हूं? कृष्णा बोलते हैं, तो ठीक है फिर आप कर लो। कृष्णा हाथ जोड़कर बोलते हैं, भाई मेरे को कोई प्रॉब्लम नहीं है, आप कर लो। मैं जाता हूं। कीकू शारदा बोलते हैं, बात वो नहीं है, अगर मेरे को बुलाया है तो मैं अपना खत्म कर लूं ना फिर। कृष्णा बोलते हैं, भाई आई लव यू ऐंड रिस्पेक्ट यू। मैं अपनी आवाज ऊंची नहीं करना चाहता। इस पर कीकू शारदा बोलते हैं, गलत आदमी को अलग तरीके से डील किया गया। वीडियो को देखकर कई लोग शॉक्ड हैं। वहीं, कुछ को लोगों को लग रहा है कि यह प्रैंक है। क्लिप पर कपिल या उनकी टीम की तरफ से कोई कमेंट नहीं आया है।

# आज थिएटर में आएगा भूचाल और ओटीटी पर होगा धमाल

**नई दिल्ली।** शुक्रवार का दिन जहां मेकर्स और एक्टर्स के लिए किसी अग्निपरीक्षा से कम नहीं होता, तो वहीं सप्ताह का ये एक दिन ऐसा होता है, जिसके इंतजार में फैंस पलकें बिछाए रहते हैं और लगातार अपडेट का इंतजार करते हैं। अब तक वॉर 2 से लेकर कूली और ओटीटी-थिएटर में रिलीज होने वाली सीरीज और फिल्मों की अपडेट हम आप तक पहुंचाते रहे हैं। 22 अगस्त को तो थिएटर और ओटीटी दोनों पर कौन-कौन सी फिल्में-सीरीज रिलीज होंगी चलिए देखते हैं

**अमार बोस** : ओटीटी की सबसे बड़ी खासियत ये है कि आपको यहां पर हर भाषा की फिल्में और सीरीज देखने को मिलेंगी। इन्हीं में से एक है बंगाली फिल्म 'अमार बोस'। ये एक 40 साल की घर की ओनर अनिमेष की कहानी है, जिसे तब चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जब उसकी मां हार्ट सर्जरी के बाद उसके ऑफिस में इंटर्न का काम करने आती है। फिल्म में करण अर्जुन एक्ट्रेस राखी गुलजार मुख्य भूमिका में हैं। इस फैमिली ड्रामा को आप ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर देख सकते हैं।




**एनी मीनी** : मनी हाइस्ट के बाद एक बार फिर से हाइस्ट की कहानी लेकर एनी मीनी आ रहे हैं। इस सीरीज में एनी को अपने एक्स ब्वॉयफ्रेंड को बचाने के लिए अपने पास्ट में लौटना पड़ता है। इस हाइस्ट थ्रिलर फिल्म में समारा वीविंग ने मुख्य भूमिका निभाई है। इसका निर्देशन शॉन सिमंस ने किया है। इस हॉलीवुड फिल्म को आप ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो हॉटस्टार पर देख सकते हैं।

**मां** : काजोल थिएटर के साथ-साथ ओटीटी क्वीन भी बन चुकी हैं। उनकी 27 जून को रिलीज हुई सुपरनैचुरल हॉरर थ्रिलर फिल्म मां अब ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज के लिए बिल्कुल तैयार है। नेटफ्लिक्स ने हाल ही में अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर हाल ही में इस फिल्म की रिलीज डेट से पर्दा उठाया है, जोकि 22 अगस्त है।

**मारीसन** : मारीसन एक ड्रामा थ्रिलर फिल्म है, जो ओरिजिनली तमिल भाषा में बनी हुई है। फिल्म में फहाद फासिल और वाडिवेलु ने मुख्य भूमिका निभाई थी। इस फिल्म की कहानी अल्जाइमर रोग से पीड़ित एक बूढ़े आदमी की है, जिसकी एक लड़के से दोस्ती हो जाती है और दोनों रोड ट्रिप पर निकल जाते हैं। तमिल भाषा में बनी इस फिल्म को आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

**द केस डायरी** : बॉलीवुड में भले ही इस हफ्ते कोई फिल्म रिलीज नहीं हो रही है, लेकिन साउथ में मनोरंजन का सिलसिला इस हफ्ते भी नहीं रुकने वाला है। 22 अगस्त को थिएटर में मलयालम फिल्म द केस डायरी रिलीज हो रही है, जिसकी कहानी पुलिस अधीक्षक के गोद लिए बेटे सैम कोशी की है, जो एक डाकुओं के ग्रुप को पकड़ने के मिशन पर निकलता है।

# एक-दूसरे को अपने जाल में फंसाने में लगे नील-दिव्या

**मुंबई।** नील नितिन मुकेश और दिव्या खोसला की फिल्म एक चतुर नार का टीजर गुरुवार को रिलीज हो गया है। टीजर में नील नितिन मुकेश और दिव्या खोसला का अलग अंदाज देखने को मिला है। यह एक कॉमेडी ड्रामा फिल्म है, जिसे उमेश शुक्ला ने निर्देशित किया है। फिल्म का निर्माण टी-सीरीज ने किया है। एक चतुर नार 12 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। टीजर की शुरुआत एक मजेदार वॉइस ओवर से होती है। पूरे टीजर में वॉइस ओवर ही सुनाई देता है और दिखाई देता है नील नितिन मुकेश और दिव्या खोसला के बीच जारी शह-मात का खेल। वॉइस ओवर में कहा जाता है, 'शहर की भीड़ में हर कोई लगता है कॉमन, पर हुजूर किसी की होती है जलेबी जैसी चाल, किसी के पास होता है चूना लगाने का कमाल, इरादे अगर नवाबी हो तो किसकी क्या मजाल, ये खेल ही ऐसा है बाबू, जिसमें बेगम और बादशाह दोनों हैं किस्मत के गुलाम। देखना ये है चतुर कौन है,



शिकारी नेवला या नागिन मचाएगी बवाल।' इस टीजर को साझा करते हुए टी-सीरीज ने लिखा, 'नागिन का बवाल या नेवले का शिकार... इनमें चतुर है कौन?' जबकि दिव्या खोसला ने टीजर को शेयर करने के साथ ही लिखा, "ना चाल सीधी और ना इरादे आम, एक चतुर नार टीजर आउट नाऊ। 2 टीजर से पता चलता है कि फिल्म में दिव्या और नील अपनी-अपनी चाल से एक-दूसरे को फंसाते और मात देने का प्रयास करते नजर आएंगे।

## संगीत की विधिवत शिक्षा भले नहीं मिली, मगर हुनर के बलबूते मिली सबसे अधिक फीस

# एक फिल्म के बाद ओपी नैयर ने कभी नहीं किया लता मंगेशकर के साथ काम

*नई दिल्ली। सिनेमा के पुराने दौर में कई ऐसे सिंगर और म्यूजिक कंपोजर आएं जिनके गाने आज भी कहीं बजे तो कानों को सुकून ही देते हैं। इन्हीं में से एक नाम है इंडस्ट्री के हाइएस्ट पेड संगीतकार ओमकार प्रसाद नैयर जिन्हें इंडस्ट्री में ओ.पी. नैयर के नाम से जाना जाता है। वह संगीतकार जिसे भले ही संगीत की विधिवत शिक्षा नहीं मिली, मगर एक समय अपने हुनर के बलबूते सबसे अधिक फीस मिली। हर धुन में एक खास किस्म का स्वर देने वाले ओ.पी. नैयर के गीत तो कई सुने गए हैं, मगर उनसे जुड़े कुछ किस्से आज भी अनकहे हैं।*

### 17 साल की कम उम्र में म्यूजिक की दुनिया में रखा था

ओंकार प्रसाद नैयर, जिन्हें ओ.पी. नैयर के नाम से जाना गया, एक ऐसे संगीतकार रहे, जिन्होंने शास्त्रीय संगीत की विधिवत शिक्षा नहीं प्राप्त की थी, लेकिन जब वो किसी गीत के लिए संगीत तैयार करते थे तो उसमें रागों का उपयोग इतनी खूबसूरती से करते थे कि पारखियों को इस बात का अनुमान नहीं होता था कि उन्होंने रागों की व्यवस्थित शिक्षा ग्रहण नहीं की। अविभाजित भारत के लाहौर में जन्मे नैयर की बचपन से ही संगीत में रुचि थी। उनके परिवार के लोग उनको संगीत की तरफ जाने से रोकते रहे। उनको लगता था कि अगर वे संगीत से दूर हो गए तो पढ़ाई में मन लगेगा। पर नैयर का मन तो संगीत में रम चुका था। 17 वर्ष की उम्र में ही उन्होंने एचएमवी के लिए कबीर वाणी कंपोज की थी, लेकिन वो पसंद नहीं की गई। बावजूद इसके उन्होंने एक प्राइवेट एल्बम 'प्रीतम आन मिलो' कंपोज किया, जिसमें सी. एच. आत्मा ने आवाज दी।





### नैयर-लता के बीच दरार

जब रिकार्डिंग का समय हुआ तो लता मंगेशकर नदारद। वो तय समय पर नहीं पहुंचीं। बाद में लता ने नैयर को बताया कि उनकी नाक में कुछ दिक्कत थी। डॉक्टर ने उनको आराम करने की सलाह दी थी। तब नैयर ने उनसे दो टूक कहा कि जो समय पर नहीं पहुंच सकता, उसका मेरे लिए कोई महत्व नहीं। लता ने समझाने का प्रयत्न किया पर नैयर नहीं माने। तब लता ने भी कहा कि जो व्यक्ति संवेदनहीन हो, वो उसके लिए नहीं गा सकतीं। इस विवाद के बाद राजकुमारी ने वो गाना गाया। गीत था, 'मोरी निंदिया चुराए गयो'।

***जिंदगी चलाने के लिए बेचना पड़ा घर*** : *ओ. पी. नैयर ऐसे संगीतकार थे, जिन्होंने हारमोनियम, सितार, गिटार, बांसुरी, तबला, ढोलक, संतूर, माउथआर्गन और सेक्सोफोन आदि का जमकर उपयोग किया। इन वाद्ययंत्रों के साथ जब वो प्रयोग करते थे तो गीत के एक-एक शब्द का ध्यान रखते थे। ये बहुत कम लोगों को पता है कि नैयर होम्योपैथ और ज्योतिष के भी अच्छे जानकार थे। एक समय में सबसे अधिक फीस लेने वाले संगीतकार को बाद में जिंदगी चलाने के लिए अपना घर तक बेचना पड़ा था।*

### ये फिल्म लेकर आई थी आशा-ओपी नैयर को करीब

नया दौर में आशा और रफी के गानों ने लोकप्रियता का शिखर छुआ। रफी के साथ उनका गीत उड़ें जब-जब जुल्फें तेरी, कवांरियों का दिल मचले या शमशाद बेगम के साथ रेशमी सलवार कुर्ता जाली का जैसे लोगों की जुबान पर चढ़ गए। जैसे-जैसे आशा और नैयर की नजदीकियां बढ़ीं, गीता और शमशाद की उपेक्षा आरंभ हो गई। नैयर भूल गए कि शमशाद बेगम ने कठिन समय में उनकी मदद की थी और गीता दत्त ने उनको गुरुदत्त से मिलवाया था।

### लाहौर में सब छोड़ कर पटियाला आना पड़ा

इस एल्बम ने नैयर को संगीत और सिनेमा जगत में एक पहचान दी। नैयर खुश हो रहे थे कि उनका सपना पूरा होने वाला है मगर नियति को कुछ और ही मंजूर था। देश का विभाजन हो गया। उनको लाहौर में सब छोड़-छाड़कर पटियाला आना पड़ा। पटियाला में वो संगीत शिक्षक बनकर जीवन-यापन करने लगे। पर मन तो फिल्मों में संगीत देने का था। अब नैयर बांबे (अब मुंबई) पहुंचते हैं। लंबे संघर्ष और जानकारों की सिफारिश के बाद उनको फिल्म संगीत में हाथ आजमाने का अवसर मिला।

### आसमान ने सफलता का क्षितिज खोला

1952 में आई फिल्म आसमान ने नैयर के लिए सफलता का क्षितिज तो खोला पर उनके और लता मंगेशकर के बीच दरार भी पैदा कर दी। दोनों ने फिर कभी साथ काम नहीं किया। ये वो समय था जब लता मंगेशकर फिल्म अनारकली, नागिन और बैजू बावरा जैसी फिल्मों के गाने गाकर प्रसिद्धि की राह पर चल पड़ी थीं। नैयर ने लता से अपनी फिल्म आसमान में गाने का अनुबंध किया था।

## खबर संक्षेप

### घरघोड़ा में श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन

**घरघोड़ा।** श्रद्धा और भक्ति का संगम इस बार घरघोड़ा नगर में देखने को मिलेगा। 26 अगस्त से 1 सितम्बर 2025 तक लैलूंगा रोड स्थित शिब्बू फड़ पर पितृमोक्षार्थ श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ होने जा रहा है। यह आयोजन पूरे सप्ताह नगरवासियों और श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक आनंद से भर देगा। कथा वाचन के लिए गया धाम बिहार से आचार्य ब्रजेन्द्र कुमार मिश्रा और विजय कुमार व्यास पीठ पर विराजमान होकर अपनी अमृतवाणी से श्रद्धालुओं को भागवत कथा का रसपान कराएँगे। प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक कथा का आयोजन होगा। मंगलाचरण और भव्य कलश यात्रा के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा, जिसमें नगर की गलियाँ शंख, घंटियों की गूंज और भक्ति गीतों से मुखरित होंगी। सप्ताहभर चलने वाली कथा में भक्तगण कपिलोपाख्यान, प्रह्लाद चरित्र, गजेन्द्र मोक्ष, समुद्र मंथन, वामन अवतार, श्रीराम कथा, श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, महारास, कंस वध और रुक्मणी विवाह जैसे दिव्य प्रसंगों का श्रवण करेंगे। 1 सितम्बर को कथा का समापन सुदामा चरित्र एवं पूर्णाहुति के साथ होगा। कथा स्थल पर प्रतिदिन प्रसाद वितरण किया जाएगा, वहीं 26 सितम्बर को विशाल महाभंडारे का आयोजन रखा गया है।

### केलो संगम पर हुआ शिव का अस्थि विसर्जन

**पुसौर।** तहसील मुख्यालय पुसौर से करीब 20 किलोमीटर दूर ओडिशा सीमा पर स्थित ग्राम तिलगी में महानदी और केलो नदी का संगम स्थल है। यही वह स्थान है, जहां से स्वर्गीय शिव राजपूत ने वर्ष 2019 में पर्यावरण संरक्षण के लिए ऐतिहासिक पहल की थी। इसी पावन स्थल पर गुरुवार को उनके परिजनों और साथियों ने उनकी अस्थियों का विसर्जन कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। स्व. शिव राजपूत ने वर्ष 2019 में महानदी–केलो संगम से पहारलुडे उद्गम स्थल तक पदयात्रा की थी। इस यात्रा में उनके साथ लक्ष्मी नारायण चौधरी, सीताराम चौहान और तात्कालीन कांदागढ़ सरपंच सोमती सिदार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन शामिल हुए थे। उनका उद्देश्य था जल, जंगल और जमीन की सुरक्षा। वे अक्सर आमजनों के हक और पर्यावरण बचाने के मुद्दों पर संघर्ष करते रहे।

### जन्माष्टमी से लौटे तो गायब मिली बाइक

**कटेली।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी जैसे धार्मिक अवसर पर भी चोरों ने अपना आतंक मचाकर लोगों की श्रद्धा और सुरक्षा को ठेस पहुँचाई है। सारंगढ़ क्षेत्र के झरिया यादव समाज मंदिर में आयोजित जन्माष्टमी कार्यक्रम में शामिल होने गए व्यक्ति की मोटरसाइकिल चोरी हो गई। घटना से क्षेत्र के लोग आक्रोशित हैं और पुलिस पर सवाल उठाने लगे हैं। थाने में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार टीकाराम यादव पिता झगरू यादव (उम्र 45 वर्ष), निवासी ग्राम कुधरी, थाना सारंगढ़ बिलाईगढ़, रोजी-मजदूरी कर अपना जीवनयापन करते हैं। 16 अगस्त की रात करीब 11:12 बजे वे अपनी बजाज प्लेटिना (काला रंग, क्रमांक CG-13 AF 3121) से ग्राम चंदाई स्थित झरिया यादव समाज मंदिर में जन्माष्टमी का भजन-कीर्तन कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। उन्होंने मोटरसाइकिल मंदिर के सामने खड़ी कर दी और कीर्तन-भजन में शामिल हो गए।

## खाद की कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई के निर्देश

# फार्मर रजिस्ट्री शीघ्र करें पूर्ण : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कृषि, पशुपालन, मत्स्य एवं उद्यानिकी विभाग की समीक्षा बैठक ली। बैठक में सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव और सहायक कलेक्टर अक्षय डोसी सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

कलेक्टर ने उप संचालक कृषि को निर्देश दिए कि एग्रीस्टेक पोर्टल पर शेष किसानों का रजिस्ट्रेशन जल्द से जल्द पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन किसानों का पंजीयन अब तक नहीं हो पाया है, उसकी मैदानी स्तर पर समीक्षा की जाए और अमला विशेष अभियान चलाकर कार्य करे। इस कार्य में लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने कृषि विभाग को खाद की कालाबाजारी रोकने के लिए लगातार निरीक्षण और कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन दुकानों में अनियमितता मिलेगी, वहां अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। साथ ही किसानों को नैनो डीएपी के उपयोग के प्रति जागरूक करने के लिए विभाग को सक्रिय रहने को कहा। कलेक्टर ने फसल बीमा योजनान्तर्गत किसानों को क्षति की स्थिति में तत्काल मुआवजा दिलाने के लिए कृषि अमले को तत्परता से कार्य करने कहा। बैठक में कृषक उन्नति योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि और स्वायल हेल्थ कार्ड योजना की प्रगति पर भी चर्चा की गई।

### पशुपालन और मत्स्य विभाग पर निर्देश

कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने पशुपालन विभाग की समीक्षा करते हुए लैलूंगा और धरमजयगढ़ क्षेत्र में कृत्रिम गर्भाधान और बधियाकरण की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने पशुपालकों को अधिक संख्या में कृत्रिम गर्भाधान हेतु जागरूक करने के निर्देश दिए। वहीं, मत्स्य विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि मछली पालन हेतु अवितरित तालाबों के पट्टे शीघ्र ही मछुआ समितियों को प्रदान किए जाएं।

### उद्यानिकी विभाग को मिले लक्ष्य

कलेक्टर ने उद्यानिकी विभाग को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक किसानों को ऑयल पॉम प्लांटेशन से जोड़ा जाए। उन्होंने सभी विभागों को अपने-अपने लक्ष्यों के अनुरूप योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए कहा।

# स्कूल से नदारद प्रभारी प्राचार्य समेत 6 को नोटिस



**लापरवाह शिक्षकों के ऊपर कार्यवाही तेज**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला गाताडीह में प्राचार्य समेत आधा दर्जन शिक्षक-शिक्षिकाओं को लापरवाही बरतने पर जिला शिक्षा अधिकारी ने नोटिस जारी किया है। डीईओ जेआर डहरिया गुरुवार को स्कूल में औचक निरीक्षण के लिए पहुंचे थे। निरीक्षण के दौरान प्रार्थना तय समय पर शुरू कराई गई, लेकिन कई शिक्षक अनुपस्थित पाए गए। एक शिक्षक पिछले आठ दिन से बिना सूचना के अनुपस्थित था। कमजोर छात्रों के लिए अतिरिक्त कक्षाएं भी संचालित नहीं की जा रही थीं। कक्षा निरीक्षण में कक्षा 9वीं और 10वीं के छात्रों के लिए विषयवार साप्ताहिक टेस्ट नहीं हो रहा था। प्राचार्य द्वारा इसका नियमित पालन नहीं किया जा रहा था। शिक्षक और लिपिकों के स्कूल आने के समय में भी लापरवाही पाई गई। डीईओ ने देरी से स्कूल आने वाले और बिना सूचना के अनुपस्थित रहने वाले शिक्षकों को नोटिस जारी कर एक सप्ताह में जवाब मांगा है। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर कठोर कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी ने उपस्थिति रजिस्टर की जांच की और छात्र.छात्राओं से बातचीत की। प्राचार्य द्वारा नियमित शाला अवलोकन नहीं किए जाने पर फटकार लगाई गई। डीईओ ने डीके प्रधान व्याख्याता को 12 अगस्त से 20 अगस्त तक बिना सूचना अनुपस्थित पाया। अनुशासनहीनता और लापरवाही के कारण प्रभारी प्राचार्य समेत आधा दर्जन शिक्षक-कर्मचारियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है।

# गांवों में नहीं मुक्तिधाम, छतरी-टीनशेड लगाकर करते हैं अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटेली



शासन की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से भले ही विकास के बड़े.बड़े वादे किए जा रहे हों, लेकिन सच्चाई इससे अलग है। शासन ग्रामीण क्षेत्रों में कई योजनाएं चलाकर करोड़ों रुपए खर्च कर रही है। इसके बावजूद गांवों में विकास और मूलभूत सुविधाएं ग्रामीणों को नहीं मिल पा रही हैं। ग्राम पंचायत डोमाडीह ब के मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार के लिए टीनशेड तक नहीं है। वहीं शमशान की जमीन पर अवैध कब्जा है। इससे गांव में किसी की मौत पर अंतिम संस्कार के दौरान ग्रामीणों को परेशानी उठाना पड़ती है। खासकर बरसात के दिनों में अंतिम संस्कार किसी मुसीबत से कम नहीं होता है।

करोड़ों रुपए खर्च करने वाली ग्राम पंचायत मुक्तिधाम तक नहीं बना पाई है। इस कारण ग्रामीणों को सड़क किनारे ही खुले में या फिर अपने निजी खेत व जमीन पर अंतिम संस्कार करना पड़ता है। ग्रामीणों की मांग व शिकायत के बाद भी अधिकारियों कोई ध्यान नहीं दिया। बारिश के दिनों में तो मृतकों के परिवार व ग्रामीणों पर दोहरी कष्ट झेलना पड़ता है। मृतकों के अंतिम संस्कार के लिए बारिश के दिनों ग्रामीण खासे परेशान होते हैं। बारिश से बचने मुक्तिधाम और टीनशेड नहीं है। इससे ग्रामीण अंत्येष्टी को बारिश के पानी से बचाने के लिए जिस स्थान पर अस्थाई मुक्तिधाम बनाया जाता हैए वहां पर उन्हें वैकल्पिक रूप से छतरी, टीनशेड लगाना पड़ता है। वहीं अस्थाई मुक्तिधाम पहुंच मार्ग भी कीचड़ से भरा है। ऐसे में शव यात्रा में शामिल व व्यवस्था करने वाले लोगों को खासी मुसीबतें उठाना पड़ती हैं। पंचायत डोमाडीह ब आश्रित ग्राम पिकरी इस दोनों गावं में विकास को लेकर उदासीनता नजर आ रही है इस गांव में स्कूल एवं किचन शेड जर्जर हालत में है और इस ग्राम में शौचालय की आवश्यकता है इस ग्राम के लोग शौच करने बाहर सडक में जाने को मजबूर हैं विकास से कोसों दूर इस ग्राम पंचायत के लोगों को बुनियादी सुविधा से वंचित रहा है।

### बाजार से बाइक चोरी पुलिस के लिए चुनौती

**कटेली।** ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर शहर तक लगातार हो रही चोरी की घटनाओं ने आम नागरिकों की नींद उड़ा दी है। खासकर बाइक चोर गिरोह की सक्रियता ने पुलिस प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है। सप्ताहिक बाजार और भीड़-भाड़ वाले इलाकों में इनका गिरोह बड़ी चालाकी से वारदात को अंजाम देकर फरार हो जाता है। ताजा मामला सारंगढ़ सप्ताहिक बाजार का है। जहां रामकुमार मनहर पिता हरिदयाल, निवासी वार्ड क्रमांक-03 सारंगढ़ की मोटरसाइकिल चोरी हो गई। रामकुमार, जिन्होंने एमए फाइनल तक पढ़ाई की है, वर्तमान में किराना दुकान संचालित करते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि 17 अगस्त की शाम करीब 4 बजे अपनी टीवीएस एक्सएल (क्रमांक CG-13 AQ 9615) दुकान के सामने खड़ी कर काम में लग गए थे। जब शाम लगभग 6 बजे घर जाने के लिए बाहर निकले, तो पाया कि उनकी गाड़ी वहां से गायब है।

# कन्या शाला घरघोड़ा में शिक्षा गुणवत्ता अभियान पर कार्यशाला



**घरघोड़ा।** मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान 2025-26 के अंतर्गत जिले में शैक्षणिक स्तर पर सामाजिक अंकेक्षण की तैयारी की जा रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को घरघोड़ा विकासखंड के कन्या संकुल विद्यालय में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में संकुल के अंतर्गत आने वाले प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानपाठकों और शाला प्रभारियों को बुलाकर शिक्षा गुणवत्ता से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। कन्या संकुल प्रभारी प्राचार्य हरीशचंद्र बेहरा ने कार्यशाला का संचालन करते हुए सभी प्रधानपाठकों से शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए संयुक्त प्रयास करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा तय किए गए मानकों के आधार पर सामाजिक अंकेक्षण किया जाएगा, जिसमें विद्यालयों की शैक्षणिक गतिविधियों, छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, संसाधनों का उपयोग, मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था और शिक्षण पद्धति की समीक्षा होगी। कार्यशाला में विशेष रूप से इंस्पायर अवॉर्ड, इको क्लब, बैक लेस डे, लर्निंग कॉर्नर, स्मार्ट क्लास, और मध्यान्ह भोजन जैसी गतिविधियों को और प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया। इसके साथ ही छात्राओं की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने, शैक्षणिक सामग्री का बेहतर उपयोग करने और शिक्षण वातावरण को आकर्षक बनाने पर भी सुझाव दिए गए।

# बैडमिंटन में चमका अभिनव स्कूल का नाम



**पुसौर।** खेलों में प्रतिभा को निखारने वाले खिलाड़ियों की मेहनत आखिरकार रंग लाई। पुसौर के अभिनव स्कूल के तीन छात्र बैडमिंटन खेल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए हैं।

जानकारी के अनुसार यह चयन प्रक्रिया खंड स्तरीय प्रतियोगिता से शुरू हुई थी। इसमें क्षेत्र के कई स्कूलों के छात्र शामिल हुए। खंड स्तर से चयनित खिलाड़ी जिला स्तर की प्रतियोगिता में उतरे, जहां पुसौर के अभिनव स्कूल ने अपनी पहचान मजबूत की। अंडर-17 वर्ग में नमन साव और मयंक प्रधान का चयन हुआ, वहीं अंडर-14 वर्ग में नमन साव ने अपनी जगह बनाई। चयनित खिलाड़ी नमन साव और सूरज साव, नगर पंचायत उपाध्यक्ष उमेश साव के पुत्र हैं। दोनों छात्र प्रतिदिन तड़के सुबह उठकर दर्राखार स्थित बैडमिंटन ग्राउंड में अभ्यास करते थे। उनके मार्गदर्शक और प्रेरणास्रोत रहे — शिक्षक व कोच कृष्ण कुमार बारीक, प्रमोद महाणा, वरिष्ठ हवलदार व कोच टीकाराम बरेठ, शुभम साव, शिवम साव, पीटीआई राहुल वैष्णव और अभिनव सतपथी। इन छात्रों की उपलब्धि पर अभिनव स्कूल प्रमुख अक्षय सतपथी, शाला समिति अध्यक्ष दिलीप पांडेय सहित शिक्षकों और अभिभावकों ने हर्ष व्यक्त किया है।

# राउरकेला को अब तक स्वास्थ्य जिला का दर्जा क्यों नहीं: डॉ यादव

**राउरकेला।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजकुमार यादव ने राउरकेला को अब तक स्वास्थ्य जिला का दर्जा न दिए जाने पर कड़ा सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि राजस्व, पुलिस, आबकारी, शिक्षा, कृषि और परिवहन जैसे सभी विभागों के लिए राउरकेला को जिला का दर्जा प्राप्त है, किंतु स्वास्थ्य जिला का दर्जा आज तक नहीं मिल पाया।

डॉ. यादव ने कहा कि वर्ष 2008 में राउरकेला को स्वास्थ्य जिला बनाने की प्रक्रिया आरंभ हुई थी, लेकिन 17 वर्ष बीत जाने के बाद भी फाइलें जस की तस पड़ी हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि किसी भी राजनीतिक दल के नेता ने इस मुद्दे को गंभीरता से नहीं लिया, जिसके

- एनसीपी प्रदेश अध्यक्ष ने उठाया बड़ा सवाल

कारण राउरकेला की जनता आज भी गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित है।

उन्होंने बताया कि राउरकेला सरकारी अस्पताल के विकास हेतु 627 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत हुई है, किंतु जगह की कमी के चलते परियोजना आगे नहीं बढ़ पाई। उनका कहना था कि इस्पात संयंत्र के खाली पड़े स्थानों का अधिग्रहण कर अस्पताल का विस्तार किया जाना चाहिए।डॉ. यादव ने कहा कि गोपालपुर से गुआली तक फैले 300 किलोमीटर लंबे क्षेत्र में केवल एक ही मुख्य चिकित्सा अधिकारी पर स्वास्थ्य सेवाओं का बोझ डालना अव्यावहारिक है। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार से मांग की कि जल्द से जल्द राउरकेला को स्वास्थ्य जिला का दर्जा दिया जाए, ताकि स्वास्थ्य सेवाएं आम जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंच सकें।

### ब्लैक फिल्म लगाकर घूमने वाले एक दर्जन वाहन चालकों पर गिरी गाज



**कोरबा।** जिला पुलिस द्वारा लगातार सड़कों पर उतरकर कार्रवाई की जा रही है। जिसमें ब्लैक फिल्म लगाकर चार पहिया वाहन चलाने वालों के साथ-साथ मोडिफाइड साइलेंसर व बिना नंबर प्लेट के घूमने वाले चालकों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

पिछले 24 घंटे के दौरान जिला पुलिस के टीम ने जिले में 12 ब्लैक फिल्म के खिलाफ कार्यवाही कर चलाने की कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश में जिले के विभिन्न थाना व चौकी प्रभारियों एवं पुलिस स्टाफ द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान जिले में कानून व्यवस्था एवं यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए ब्लैक फ़िल्म, मॉडिफाइड साइलेंसर एवं शहर में बिना अनुमति बज रहे डीजे के विरुद्ध सघन कार्यवाही की गई।

# आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविरों से 448 ग्रामीणों को मिला नि:शुल्क उपचार



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शासकीय आयुर्वेद औषधालय बुनगा द्वारा लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में निःशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों के माध्यम से अब तक 448 ग्रामीणों को निःशुल्क उपचार प्रदान किया जा चुका है। ग्रामीण अंचलों में इन शिविरों के प्रति लोगों की रुचि बढ़ रही है और बड़ी संख्या में मरीज इसका लाभ उठा रहे हैं। आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ. अजय नायक के नेतृत्व में आयोजित इन शिविरों में विशेष रूप से वात रोग, उदर रोग, कास-खांसी, कमजोरी और दुर्बलता जैसी समस्याओं से पीड़ित महिलाओं, बुजुर्गों और असहाय ग्रामीणों का उपचार किया गया। शिविर में न केवल औषधीय उपचार किया जा रहा है, बल्कि लोगों को आहार-विहार, योगासन, स्वच्छता, नशा मुक्ति और जीवनशैली जन्य रोगों से बचाव के उपाय भी बताए जा रहे हैं। अगस्त माह में यह शिविर विशेष रूप से नावापारा परसापाली, शिगपुरी, छिछोर उमरिया और टिनमिनि गांवों में आयोजित किए गए, जहां सैकड़ों ग्रामीणों ने लाभ उठाया। शिविरों में मरीजों को आयुर्वेदिक दवाइयाँ उपलब्ध कराने के साथ ही स्वास्थ्य संबंधी परामर्श भी दिया गया। आयुष्मान आरोग्य मंदिर, आयुष बुनगा द्वारा प्रत्येक माह विभिन्न स्वास्थ्य जागरूकता और उपचार कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इनका मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को पारंपरिक आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति से जोड़ना और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना है।

## परामर्शदात्री एवं पुनरीक्षण समिति की बैठक में सीईओ ने दिए निर्देश

# प्राथमिकता से केसीसी प्रकरणों को दें स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जितेन्द्र यादव ने लीड बैंक योजनांतर्गत जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति की बैठक ली। बैठक में विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में बैंकिंग संस्थाओं की भागीदारी की समीक्षा की गई।

सीईओ श्री यादव ने बैठक में उपस्थित बैंक प्रतिनिधियों से कहा कि कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन और उद्यानिकी से जुड़े किसानों के केसीसी (किसान क्रेडिट कार्ड) प्रकरणों का निराकरण बैंकों द्वारा प्राथमिकता से किया जाए। उन्होंने कहा कि समय पर लोन स्वीकृति मिलने से किसान और पशुपालक अपने कार्यों के लिए आवश्यक राशि जुटा पाएंगे।

उन्होंने बताया कि बैंकों द्वारा दिए जाने वाले प्रत्यक्ष कृषि ऋण के लिए राष्ट्रीय स्तर पर लक्ष्य निर्धारित किया गया है। ऐसे में सभी बैंक शाखाएँ अपने-अपने स्तर पर वितरित किए गए कृषि ऋण की समीक्षा करें और राष्ट्रीय लक्ष्य के अनुरूप काम सुनिश्चित करें। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के कार्यों की समीक्षा करते हुए सीईओ श्री यादव ने कहा कि प्रशिक्षण ले रहे युवाओं को संबंधित उद्यमों और संस्थाओं का भ्रमण कराया जाए, ताकि उन्हें व्यवहारिक अनुभव मिल सके।

### महिला समूहों को मिले पूंजी

बैठक में महिला स्व-सहायता समूहों को दिए जा रहे लोन प्रकरणों की भी समीक्षा की गई। सीईओ श्री यादव ने कहा कि महिला समूहों की आजीविका बढ़ाने और स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने के लिए उन्हें लोन के रूप में पूंजी उपलब्ध कराई जाए ताकि वे अपने उद्यम को आगे बढ़ा सकें।

### वित्तीय साक्षरता पर जोर

सीईओ ने निर्देश दिया कि फसल बीमा के अंतर्गत प्रीमियम की कटौती और उसकी ऑनलाइन एंट्री समय पर की जाए, जिससे जानकारी पोर्टल पर प्रदर्शित हो सके। उन्होंने समीक्षा करते हुए कहा कि किसानों, महिला समूहों, वरिष्ठ नागरिकों, छात्रों और लघु उद्योग संचालकों को बजटिंग, निवेश, टैक्सेशन, व्यक्तिगत वित्तीय प्रबंधन के साथ-साथ सायबर अपराधों से बचाव के बारे में भी जागरूक किया जाए।

